## कन्हैया को टिकट मिलने के बाद दिलचस्प हुआ उत्तर-पूर्वी दिल्ली की सीट पर मुकाबला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की उत्तर-पूर्वी सीट पर मुकाबला दिलस्प होता दिख रहा है। यह सीट पूर्वांचल के लोगों का गढ़ माना जाता है और यहां पर पूर्वांचल के दो उम्मीदवार मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार आमने-सामने होंगे। इसके साथ ही दोनों के बीच मुकाबला अभी से देखने को मिल रहा है। टिकट मिलने के बाद कन्हैया कुमार ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। वहीं मनोज तिवारी से टक्कर को लेकर उन्होंने कहा कि कोई न कोई तो सामने होगा ही। व्यक्ति नहीं बल्कि विचार और मुद्दा महत्वपूर्ण होता है। यह तो जनता तय करेगी कि उन्होंने कोई काम किया या नहीं? उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई ५ न्याय के मुद्दों पर होगी, जिसे वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोगों के सामने रखेंगे।

हम ५ न्याय के मुद्दों पर लड़ेंगे और देश में जो अन्याय हो रहा है, उसके खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और उसे समाप्त करेंगे। पार्टी ने जो हमें मौका दिया है, हम उसपर खड़े होने की कोशिश करेंगे। हम यहां से रिकॉर्ड मार्जिन से जीतेंगे। वहीं, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, ष्मैं भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोगों से मिल रहा हूं और अपने काम के आधार पर वोट मांग रहा हूं। किसी को (मेरे खिलाफ) आना ही था, लेकिन कांग्रेस की मानसिकता ने आश्चर्यचकित कर दिया है कि क्या कांग्रेस पार्टी में देश की सेना और संस्कृति का सम्मान करने वाला कोई नहीं है, जिसे वे टिकट दे सकें? जो भी (उत्तर-पूर्वी दिल्ली) आएगा वह ४० दिन के दौरे पर है और वे हमारे क्षेत्र में हुए १४,६०० करोड़ रुपये के काम को जरूर देखेंगे। टुकड़े-टुकड़े गिरोह का नेतृत्व करनेवाले लोग दिल्ली और दिल्ली के लोग के प्रति जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं। जो लोग भी यहां आएंगे, वो सिर्फ ४० दिनों के भ्रमण पर आएंगे।

## आदर्श नगर में एक सप्ताह में दो महिलाओं से हुई झपटमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में दो महिलाओं से झपटमारी की घटना सामने आई है। बाइक सवार बदमाशों ने मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास से एक महिला से सोने की चेन झपट लिया। राजन बाबू रोड पर दो बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गया। इन दोनों ही मामलों में आदर्श नगर थाना पुलिस संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

४० वर्षीय अनुप्रभा परिवार के साथ बुराड़ी क्षेत्र में रहती हैं। बीते पांच अप्रैल को दोपहर तीन बजे अपनी बेटी को नेताजी प्लेस स्थित एक कोचिंग सेंटर से लेने के लिए आई थीं। फिर वापस घर के लिए बेटी के साथ नेताजी सुभाष प्लेस से मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन तक पहुंची।

मेट्रो से बाहर आकर बुराड़ी जाने वाली बस का इंतजार कर रही थीं। तभी बाइक सवार दो लड़के आए। इनमें से एक लड़का बाइक से उतरकर महिला के पीछे खड़ा हो गया। जैसे ही महिला बस लेने के आगे बढ़ीं तभी पीछे खड़ा लड़का सोने की चेन झपटकर बाइक से फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपितों का पता लगा रही है।

निशा छाबड़ा आदर्श नगर के भगत सिंह रोड स्थित एक मकान परिवार के साथ रहती हैं। इन्होंने पुलिस को बताया कि बीते आठ अप्रैल को वह राजन बाबू रोड पर वह अपनी बेटी के साथ स्कूल बस का इंतजार कर रही थी। निशा ने बताया कि तभी बाइक सवार एक युवक मेरे पास आया, कुछ समझ पाती इससे वह मेरे हाथ से मोबाइल फोन छीनकर राजनबाबू रोड की तरफ भाग गया। जिससे महिला व उनकी बेटी काफी डर गईं। इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपित का पता लगा रही है।

## नवरात्र में आसमान छू रहे फलों के दाम
## 200 रु किलो बिक रहा सेब, 50 वाला केला 80 पहुंचा लोग महंगाई के चलते खरीद रहे कम फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के दिनों में आमतौर पर लोग व्रत रखते हैं। इसके अलावा हाल ही में रमजान का महीना भी खत्म हुआ है। ऐसे में नवरात्रों में फलों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ज्यादातर फलों की कीमतों में १०-२५ फीसदी का उछाल आया है। बाजार में अनार, केले, चीकू, पपीता, सेब, कच्चा नारियल समेत दूसरे फलों की मांग ज्यादा है। कारोबारियों का कहना है कि नवरात्र में फलों की मांग बढ़ गई है। दूसरे राज्यों से आने वाले फलों के दाम बढ़े हैं। इससे कीमतें भी बढ़ गई हैं।

ओखला मंडी में फल विक्रेता ने बताया कि नवरात्र के चलते केले ७०-८० रुपये दर्जन के हिसाब से बिक रहे हैं, जबकि पहले इनकी कीमत ५० रुपये दर्जन होती थे। वहीं, अंगूर की कीमत १२० रुपये तक पहुंच गई है, जबकि पहले ८० से ९० रुपये प्रति किलो थी। इसके अलावा संतरे की कीमत ७०-८० रुपये है, पहले ५० रुपये किलो थी। पपीते की कीमत ९० रुपये किलो है, पहले ६० से ७० रुपये प्रति किलो बिक रहा था। इंद्रपुरी में फल विक्रेता ने बताया कि इस समय अंगूर के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा केला भी महंगा है। सेब १५०-२०० रुपये प्रति किलो और उच्च गुणवत्ता वाला सेब २०० रुपये प्रति किलो से ऊपर बिक रहा है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दिनों में केला महंगा हो जाता है। यह हर साल की बात है। वहीं, अभी रमजान खत्म हुए हैं। इसके तुरंत बाद नवरात्रि शुरू हो गई, इस कारण केला महंगा है। उन्होंने बताया कि वह लोग केले ७० से ८० रुपये दर्जन बेच रहे हैं। जो पहले ५० से ६० रुपये दर्जन में बेचा जाता था। अभी तो दुकानदारी भी है, नवरात्र खत्म होते ही दुकानदारी भी खत्म हो जाएगी। लोगों का कहना है कि पहले से फलों के दाम काफी बढ़ गए हैं। इनमें इजाफा हर साल होता है। पहले केला ५० प्रति दर्जन था, लेकिन आज ७०- ८० रुपए दर्जन बिक रहा है। सेब, चीकू और अंगूर भी महंगे हो गए हैं।

## सांसद संजय सिंह ने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने एक वीडियो संदेश जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जेल भेजकर उन्होंने नेक काम किया है, क्योंकि छह महीने की कैद की वजह से वह अपने बारे में बहुत कुछ समझ गए हैं। उन्होंने कहा कि जेल में उन्हें एहसास हुआ कि वह बीते ३० साल से जो राजनीति कर रहे हैं, वह सही रास्ते पर हैं।

उन्होंने कहा- पिछले १० दिनों से मैं जेल के बाहर हूं। मुझे सुकून की नींद आ रही है। छह महीने जेल में रहा। मुझे आइसोलेशन में रखा गया। पीएम मोदी अगर यह मौका नहीं देते तो मैं खुद से मुलाकात नहीं कर पाता। देश के क्रांतिकारियों से मुलाकात नहीं कर पाता। कहानियां न पढ़ पाता। जब एकांत में आदमी होता है, तो उसे बहुत चिंतन करने का मौका मिलता है।उन्होंने कहा- मैंने नेल्सन मंडेल को पढ़ा। क्या शानदार क्रांतिकारी जीवन था उनका। भगत सिंह से मुलाकात की। २३ साल के इस नौजवान ने देश के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर किया। मैंने अशफाकउल्ला, रोशन सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल और काला पानी के दस्तावेज पढ़े। तब जाना कि ३० साल से राजनीति के माध्यम से जो वह समाजसेवा कर रहे थे, शायद यह रास्ता सही था। मैंने गांधी जी को पढ़ा। मैंने यह जाना कि हम तो सही रास्ते पर चल रहे थे। यह छह महीने का जेल का सफर नहीं होता तो हमें इसका पता नहीं चल पाता। मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया। मैं छह महीने की जेल की यात्रा से तप कर निकला हूं, आगे के रास्ते को मजबूत करने के लिए।

## एंटी सेंधमारी सेल की टीम ने एक सक्रिय चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की एंटी सेंधमारी सेल की टीम ने एक सक्रिय चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से दो सोने के लॉकेट, दो जोड़ी सोने की बालियां ,दो सोने की नाक की पिन, एक जोड़ी चांदी की पायल और तीन जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद की है।पुलिस ने आरोपी ने गिरफ्तार कर चार मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि ६ अप्रैल एक महिला ने घर में चोरी की एक घटना की सूचना दी थी। उस ने बताया कि किसी ने ६ अप्रैल को प्रात: १०:०० बजे से प्रात: १०:३० बजे के बीच उसके घर से दो सोने के लॉकेट, दो जोड़ी सोने की बालियां, दो सोने की नाक की पिन, एक जोड़ी चांदी की पायल और तीन जोड़ी चांदी की बिछिया चुरा ली है।इसके बाद डाबरी थाने के तहत् मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक मैंदोला के नेतृत्व में एसआई विनोद कुमार , हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार , अनिल , कांस्टेबल प्रवीण , सुभाष की टीम ने जांच शुरु की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल का विश्लेषण किया और पाया कि एक चोर ने शिकायतकर्ता के घर में प्रवेश किया और आभूषणों की चोरी की। टीम ने संदिग्ध का पीछा किया और उसे विजय एन्क्लेव, डाबरी, के पास स्कूटी स्टार्ट करते हुए देखा। इसके बाद टीम ने १०० से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद उसे दिल्ली के रोहिणी में अपने घर में प्रवेश करते हुए पाया। टीम ने आवास पर तकनीकी और मैन्युअल निगरानी के बाद पाया कि आरोपी नाजिम खान अपने परिवार के साथ रह रहा है।इसके बाद टीम ने

संदिग्ध नाजिम को उसके घर से बाहर निकलते देखा गया। टीम ने तुरंत उसे घेर कर पकड़ लिया। शुरुआती पूछताछ में उसने जुर्म कबूल नहीं किया लेकिन जब उसने सीसीटीवी फुटेज देखी तो वह टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद तलाशी के दौरान उसके पास से दो सोने के लॉकेट, दो जोड़ी सोने की बाली, दो सोने की नाक की पिन, एक जोड़ी चांदी की पायल और तीन जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सीमित साधनों के कारण, उसने २०२३ में दिल्ली के समयपुर बादली में एक महिला को लूट लिया और गिरफ्तार कर लिया गया। उसने दो महीने जेल में बिताए और जमानत पर बाहर आ गया।



**लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ पश्चिमी दिल्ली में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए।**




## ग्रैंड फिनाले के साथ पैसिफिक वॉयस ऑफ द्वारका सीजन-2 का समापन

**नई दिल्ली।** द्वारका सेक्टर २१ स्थित पैसिफिक डी-21 मॉल में वॉइस ऑफ द्वारका सीजन-2 का आयोजन किया गया। स्टूडियो २१ में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में १४१ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें ३८ प्रतिभागियों को अंतिम रूप से चयन किया गया। १४ अप्रैल को फाइनल राउंड के बाद चार जजों की टीम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिसमें ६ से १५ वर्ष की कैटगरी में रोहित कुमार, अलीशा मेंदोला और प्रियांशी विजेता रहे। १६ से ३० वर्ष की कैटगरी में प्रतिभा, चंद्रप्रक. ाश और काजल विजेता रहीं। ३१ और उससे अधिक आयु के वर्ग में सौम्या, सुदर्शन और प्रियंका बिंदल विजेता रही। प्रथम पुरस्कार पाने वाले को ५ हजार, दूसरा पुरस्कार पाने वाले को ३ हजार और तीसरा पुरस्कार पाने वाले को २ हजार नगद और पुरस्कार दिए गए।

## इस बार की रामनवमी होगी खास: भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने सोमवार को पश्चिमी दिल्ली और दक्षिण दिल्ली में लोकसभा क्षेत्र की विस्तृत और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक ली और कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। धनखड़ ने कहा की देश की पुकार भाजपा ४०० पार फिर से मोदी सरकार।इसमें दिल्ली की रहेगी शत प्रतिशत भागीदारी। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों की कमल पर दी गई वोट दिल्ली की भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार को चोट देगी।

प्रदेश प्रभारी धनखड़ ने कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो रहा है। भ्रष्ट राजनीति का अंत हो रहा है, परिवारवाद की राजनीति का अंत हो रहा है। यह देश के विकास की राजनीति का युग है। मोदी जी ने पिछले दस वर्षो में यह काम करके दिखाया है। हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया है। कश्मीर से धारा ३७० खत्म की, द्वारका एक्सप्रेस वे जैसे रोड दिल्ली की मिले, रिकॉर्ड ढांच. ागत विकास हुआ। महिला उत्थान के अनेक कार्य हुए। देश की सीमाओं को मजबूत किया। रामलला। भव्य मंदिर में विराजमान हुए। मोदी जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य पर फोकस किया। आयुष्मान योजना के तहत गरीब व्यक्ति को अब महंगे ईलाज की चिंता नहीं रही। दिल्ली प्रभारी ने कहा कि दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारियों को सहन करने के मूड में नहीं है। पीएम मोदी देश को आगे बढ़ा रहे है, दिल्ली और देश का मान सम्मान बढ़ाने में लगे हुए है दूसरी ओर आम आदमी पार्टी देश की राजधानी दिल्ली में कुछ शराब कारोबारियों के साथ मिलकर घोटाले करने में लगी रही। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को खत्म करने ऐलान कर दिल्ली के लोगों से वोट लिया था। आज आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ खड़ी है। दिल्ली की जनता सब समझ चुकी है ।

आम आदमी पार्टी की आधी सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है। इनके मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री,मंत्री कह रहे हैं हम कुर्सी नहीं छोड़ेंगे, जेल से ही सरकार चलाएंगे। धनखड़ ने कहा की आम आदमी पार्टी लोकतान्त्रिक मूल्यों को भी भूल गई है। दिल्ली की समझदार जनता ने लोकसभा चुनाव में फिर से सभी सातों सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है। और आगे आने वाले विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का मन अभी से बना लिया है।

## कोर्स व यूनिफार्म के नाम पर 'लूट' रहे निजी स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों हर साल की तरह इस साल भी अभिभावकों पर महंगी किताबें और यूनिफार्म खरीदने का दबाव बना रहे हैं। महंगी ट्यूशन फीस, एनुअल फीस, डेवलपमेंट फीस देने के बाद स्कूलों से ही महंगी किताबें, स्टेशनरी और यूनिफार्म खरीदने का दबाव सीधे-सीधे अभिभावकों की जेब पर पड़ रहा है। इससे उनका पूरा बजट ही गड़बड़ा रहा है। अभिभावकों को होने वाली पर परेशानियों की शिकायतों के बाद भी कोई सुध नहीं ली जा रही है। जबकि खुले तौर पर यह काम हो रहा है। शिक्षा निदेशालय की चुप्पी से निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों की परेशानी बढ़ रही है।

अभिभावकों का कहना है कि निदेशालय की सह के कारण ही स्कूल प्रत्येक वर्ष मंजूरी न मिलने के बावजूद फीस में बढ़ोत्तरी करते रहते हैं। हद तो ये है कि स्कूलों के अंदर बकायदा स्टाल लगवाकर विशिष्ट विक्रेताओं की किताबें और यूनिफार्म बेची जा रही है।स्कूलों की इस मनमानी का दिल्ली शिक्षा मंत्रालय ने बीते वर्ष संज्ञान लेकर ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही थी, लेकिन शैक्षणिक सत्र खत्म होने के बाद ऐसी कोई कार्रवाई नजर नहीं आई जो निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगा सके।निदेशालय में इस संबंध में कार्रवाई के नाम पर कागजी खानापूरी जरुर हुई है लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई है जो स्कूलों की इस मनमानी के सामने नजीर साबित हो सके। नतीजतन स्कूलों में विभिन्न तरीकों से धड़ल्ले से लूट मचाई जा रही है।दिल्ली सरकार ने अभिभावकों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कहा था कि शिक्षा का उद्देश्य देश का भविष्य संवारना होना चाहिए, न कि पैसा कमाना। सरकार ने कहा था निजी स्कूल अभिभावकों को विशिष्ट विक्रेताओं से किताबें और यूनिफार्म खरीदने के लिए मजबूर करना बंद करें या फिर कड़ी कार्रवाई का सामना करने को तैयार रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य व आध्यात्मिक विकास के महत्व के बारे में संवाद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने आईआईटी के छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद किया। सत्र में देशभर से १००० से अधिक लोगों ने भाग लिया। तथा कहा कि मन व अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है , अध्यात्म से मन को साधा जा सकता है ,यह आंतरिक शांति को मजबूत करता है और खुद से बड़ी ताकत से जुड़ाव की भावना प्रदान करता है। आईआईटी के डोगरा हाल में अलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित कार्यशाला का प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मन का पूरा माहौल तेजी से बदलता है, हम क्या नहीं बदल देते और सब कुछ बदल के भी हमें चौन कहाँ मिलता है । लोग घर बदलते हैं, नौकरी बदलते हैं और यह सब बदल के भी मन को शांति नहीं मिलती । उन्होंने कहा कि मन को कुछ चाहिए, उसके बिना वो रुकेगा नहीं । उसके बिना वो इधर उधर, भागता ही रहेगा , अंतत: तुम जिधर को भी भागते हो यही सोच के भागते हो ना की ये मिल गया तो इसके बाद और कुछ नहीं चाहिए; अगर तुम्हे पता हो की जिस तरफ तुम भाग रहे हो, उसके मिलने के बाद भी तुम्हें और चाहिए होगा, तो उसकी ओर भागोगे ?

## राम लला के मुकुट को सजाने के लिए एप्पल ग्रीन डायमंड के रत्न चुने गए



**नई दिल्ली।** रीक्रिस्टलाइज्ड रत्न उद्योग में अपनी पहचान रखने वाले एप्पल ग्रीन डायमंड, गर्व से भारत की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की घोषणा की है । धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण प्रतिष्ठित राम मंदिर में अब एक मुकुट है जो कई पन्ने और एक अद्वितीय रूबी सहित उत्कृष्ट रत्नों से सुसज्जित है, जो एप्पल ग्रीन डायमंड के ब्रांड ष्जापान के डायमंडलाइटष के सौजन्य से है। ऐप्पल ग्रीन डायमंड के संस्थापक और सीईओ अरुण थापर ने व्यक्तिगत रूप से मुकुट के लिए कीमती रत्नों के चयन का प्रबंधन किया। मुकुट के केंद्र में एक प्रमुख ३५.८१ कैरेट का अंडाकार बर्मी रूबी है, जो दोनों तरफ पन्ने से घिरा हुआ है और रूबी के ऊपर एक कुल २२.२३ कैरेट है। इस महत्वपूर्ण योगदान पर विचार करते हुए, अरुण थापर ने गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्इस प्रतिष्ठित परंपरा में हमारी भागीदारी एक विशेषाधिकार है और पूरी एप्पल ग्रीन डायमंड टीम के लिए बहुत गर्व का स्रोत है। हम मंदिर की विरासत में योगदान करने और समर्थन करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/ नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली के अनुभाग में सेवा भवनों, स्टेशन भवन एएनवीटी और अन्य संरचनाओं की मरम्मत के लिए 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि का जोन कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 77,99,646.34/- (मात्र सतहत्तर लाख निन्यानबे हजार छह सौ छियालीस रुपये चौंतीस पैसे) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 1,56,000/- (एक लाख छप्पन हजार रूपये) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/12/ 2024-25/W-3 दिनांक: 12.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1118/24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/लाईन के अनुभाग में जेई/यमुना ब्रिज और एसएसबी के अनुभाग में सेवा भवन और स्टेशन भवन की मरम्मत के लिए 30.6.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य। |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** रु. 96,97,562.23/- (मात्र छियानवे लाख सत्तानवे हजार पांच सौ बासठ रुपये मात्र तेईस पैसे) |
| 3. | **बयाना राशि (रुपये):** रु. 1,94,000/- (एक लाख चौरानवे हजार रुपये) |
| 4. | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये):** रु. 0.00/- |
| 5. | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** 03.05.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7. | **आवंटन:** 04-400-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/ ई-निविदा सूचना/14/2024-25/W-3 दिनांक: 12.04.2024 1120/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**SHRIRAM HOUSING FINANCE**

**श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100; **वेबसाईट:** http://www.shriramhousing.in. **पंजीकृत कार्यालय:** ऑफिस नं0 123, अंगप्पा नाईकन स्ट्रीट, चेन्नई- 600 001; **शाखा कार्यालय:** एल1, एल2, प्रथम तल, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरूद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेनशन, नई दिल्ली-110016.

**परिशिष्ट-IV-A** (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**
इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। **दिनांक 06 मई 2024 को सुबह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री करमवीर मकान नंबर 83, पहली मंजिल, ब्लॉक-III, इरोज गार्डन, सूरजकुंड, फरीदाबाद हरियाणा - 121009. इसके अलावा: विला नंबर-50, पहली मंजिल, ब्लॉक-V, इरोज गार्डन, सूरजकुंड, फरीदाबाद हरियाणा -121009. श्री करमवीर पुत्र श्री प्रकाश विला नंबर-50, प्रथम तल, ब्लॉक-V, इरोज गार्डन, सूरजकुंड, फरीदाबाद हरियाणा - 121009. इसके अलावा : हाउस नंबर 83, प्रथम तल, ब्लॉक-III, इरोज गार्डन, सूरजकुंड, फरीदाबाद हरियाणा - 121009. इसके अलावा: मकान नंबर सी-33, शिव पार्क, खानपुर, नई दिल्ली - 110062.** **ऋण खाता संख्या- SHLHDLHI0000805** कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार: 28- फरवरी-2024 भौतिक कब्जा; भार ज्ञात: ज्ञात नहीं | 25-अक्टूबर-2023 रू. 53,92,011/- (रुपये तिरेपन लाख बानवे हज़ार ग्यारह मात्र) | **यह सभी हिस्से और पार्सल पर आवासीय संपत्ति/ निवास इकाई, स्पेस नंबर-1, प्रथम तल पर, सुपर लगभग- 1408 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर-50 पर विला, ब्लॉक-V, इरोज गार्डन, सूरजकुंड, फ़रीदाबाद हरियाणा-121009 उक्त संपत्ति की सीमाएं:- उत्तर: 30 चौड़ी सड़क दक्षिण: प्लॉट 51/V पूर्व : प्लॉट 49/V पश्चिम: अन्य संपत्ति** | रू. 48,00,000/- (रूपये अड़तालीस लाख मात्र) **बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में; **धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)** रू. 4,80,000/- (रूपये चार लाख अस्सी हज़ार मात्र) **ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 03-मई-2024 समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक** | ईएमडी राशि आरटीजीएस / एनईएफटी/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है। **बैंक का नाम**- एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा** - बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई **बैंक खाता सं.**- चालू खाता नं. 911020045677633 IFSC CODE- UTIB0000230 | 06 मई 2024 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | **श्री निखिल कुमार 7053869593** **अशफाक पटका 9819415477** **सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 01 मई 2024 सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक** |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट और नीलामी सेवा प्रदाता वेबसाइट https://www.bankeauctions.com में दिए गए लिंक htlp://shriramhousing.in/e-auction-Residential को देखें।
संशोधित सरफेसी अधिनियम, 2002 के अनुसार नियम 9(1) के तहत बाद की बिक्री के लिए वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना।
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी।
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।
ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री नोटिस जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होता है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

**स्थान:- फरीदाबाद**
**दिनांक:- 16.04.2024**

**हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी**
**श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।**